भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2161

दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

भारत में एम्स केंद्र

†2161. श्री एंटो एन्टोनीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में कार्यरत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) देश में कितने एम्स केन्द्रों का निर्माण कार्य चल रहा है और राज्य-वार कितने केन्द्र स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है; और
(ग) एम्स की निर्माणाधीन और प्रस्तावित परियोजनाओं के पूरा होने और कार्यशील होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत, अब तक देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इनमें से 18 एम्स वर्तमान में कार्यरत हैं और 4 एम्स निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। एम्स का विवरण **अनुबंध-क** में दिया गया है। एम्स का पूर्ण होना और संचालन में आना परियोजना प्रबंधन, नियामक स्वीकृतियों, संकाय/गैर-संकाय कर्मचारियों की भर्ती आदि सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

अनुबंध-क

पीएमएसएसवाई के तहत स्वीकृत एम्स की स्थिति

क्रम. संख्या	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**एम्स**	**स्थिति**
1	आंध्र प्रदेश	एम्स मंगलागिरी	कार्यात्मक
2	असम	एम्स गुवाहाटी	कार्यात्मक
3	बिहार	एम्स दरभंगा	प्री-इन्वेस्टमेंट का काम चल रहा है
4		एम्स पटना	कार्यात्मक
5	छत्तीसगढ़	एम्स रायपुर	कार्यात्मक
6	गुजरात	एम्स राजकोट	कार्यात्मक
7	हरियाणा	एम्स माजरा (रेवाड़ी)	निर्माणाधीन
8	हिमाचल प्रदेश	एम्स बिलासपुर	कार्यात्मक
9	जम्मू और कश्मीर	एम्स विजयपुर, सांबा, जम्मू	कार्यात्मक
10		एम्स अवंतीपोरा, कश्मीर	निर्माणाधीन
11	झारखंड	एम्स देवघर	कार्यात्मक
12	मध्य प्रदेश	एम्स भोपाल	कार्यात्मक
13	महाराष्ट्र	एम्स नागपुर	कार्यात्मक
14	ओडिशा	एम्स भुवनेश्वर	कार्यात्मक
15	पंजाब	एम्स बठिंडा	कार्यात्मक
16	राजस्थान	एम्स जोधपुर	कार्यात्मक
17	तमिलनाडु	एम्स मदुरै	निर्माणाधीन
18	तेलंगाना	एम्स बीबीनगर	कार्यात्मक
19	उत्तर प्रदेश	एम्स रायबरेली	कार्यात्मक
20		एम्स गोरखपुर	कार्यात्मक
21	उत्तराखंड	एम्स ऋषिकेश	कार्यात्मक
22	पश्चिम बंगाल	एम्स कल्याणी	कार्यात्मक

*****